## एक नजर में

### आज से तीन दिन बंद रहेगी मंडी

**नवभारत न्यूज ब्यावरा 11 अप्रैल, का.** बम्पर आवक के बीच एक बार फिर स्थानीय कृषि उपज मंडी मे आज से तीन दिन तक अवकाश रहेगा. मंडी प्रबंधन के अनुसार 12 अप्रैल को माह का दूसरा रविवार होने, 13 अप्रैल सोमवार साप्ताहिक अवकाश एवं 14 अप्रैल को डॉ भीमराव अम्बेडकर जयंती होने के चलते मंडी में अवकाश रहेगा. तीन दिन नीलामी कार्य बंद रहेगा. अत: किसान भाई अपनी फसल बिक्री करने हेतु मंडी में ना लावे. गौरतलब है कि वर्तमान में मंडी में उपज की बम्पर आवक हो रही है. किंतु अधिकांश समय अवकाश के कारण उपज का विक्रय करने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है.

### संविदा के आधार पर नियुक्ति हेतु आवेदन

**राजगढ़ 11 अप्रैल, का.** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर द्वारा जारी निर्देश के पालन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजगढ़ अंतर्गत संचालित लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम कार्यालय में चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल का 01 पद रिक्त है. उक्त पद पर नालसा लीगल एड डिफेंस काउंसेल मॉडिफाईड स्कीम 2022 के प्रावधानों के तहत संविदा के आधार पर नियुक्ति की जाना है. साथ ही आवेदन हेतु अंतिम तिथि 14 मई निर्धारित की गई है. उक्त पद पर इच्छुक आवेदकों से आवेदन बुलवाये गये है. अधिक जानकारी हेतु कार्यालय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला न्यायालय, राजगढ़ के कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है. उक्त पद के संबंध में विस्तृत जानकारी, आवेदन का प्रारूप, नियम एवं शर्तों की जानकारी जिला एवं सत्र न्यायालय राजगढ़ की बेवसाईट तथा म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर की अधिकृत बेवसाईट का अवलोकन किया जा सकता है.

### गुलखेड़ी वॉलीबॉल लीग का शुभारम्भ



**बोड़ा 11 अप्रैल, सं.** ग्राम गुलखेड़ी में वॉलीबॉल लीग का भव्य शुभारम्भ उत्साह और खेल भावना के साथ किया गया. कार्यक्रम का शुभारम्भ बोड़ा थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह राजपूत द्वारा किया गया. इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण, खेल प्रेमी एवं युवा खिलाड़ी उपस्थित रहे. कड़िया-गुलखेड़ी युवा खेल अभियान के अंतर्गत आयोजित इस वॉलीबॉल लीग में क्षेत्र के युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिल रहा है. प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 11 हजार एवं द्वितीय पुरस्कार 5 हजार 100 निर्धारित किया गया है. कार्यकम में थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह राजपूत, सब इंस्पेक्टर रामेश्वर प्रसाद मिश्रा, खेल शिक्षक संदीप सोनी, सहित बड़ी संख्या में गुलखेड़ी के खेल प्रेमी मौजूद थे. कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने का संदेश दिया.

# एक ही रस्सी के फंदे पर झूला प्रेमी जोड़ा

## ढाबली खुर्द गांव के पास जंगल में महुए के पेड़ पर लटके मिले युवक और युवती के शव

**नवभारत न्यूज**

**खिलचीपुर 11 अप्रैल, सं. राजगढ़ जिले के खिलचीपुर क्षेत्र के भोजपुर थाना इलाके में शनिवार सुबह एक हृदयविदारक घटना सामने आई, जिसने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया. ढाबली खुर्द गांव के पास जंगल में महुए के पेड़ पर युवक और युवती के शव एक ही रस्सी से बने दो अलग-अलग फंदों पर लटके मिले. प्रारंभिक जांच में मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा बताया जा रहा है.**

जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह ग्रामीण जंगल की ओर गए थे, तभी उनकी नजर पेड़ पर लटके दोनों शवों पर पड़ी। घटना की खबर फैलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई. सूचना मिलते ही एसडीओपी धर्मराज नागर, भोजपुर थाना पुलिस और खिलचीपुर थाना प्रभारी उमाशंकर मुकाती मौके पर पहुंचे. पुलिस ने शवों को नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए खिलचीपुर अस्पताल भेजा. घटनास्थल पर



आसपास के गांवों के लोगों की बड़ी भीड़ जमा हो गई.

**एक ही रस्सी से बने दो फंदे, नीचे सलीके से रखी चप्पलें**


मौके की स्थिति कई सवाल खड़े कर रही है. महुए के पेड़ पर एक ही रस्सी से दो फंदे बनाए गए थे. पेड़ के नीचे दोनों की चप्पलें व्यवस्थित तरीके से रखी मिलीं, जिससे अंदेशा जताया जा रहा है कि दोनों ने यह कदम योजनाबद्ध तरीके से उठाया.

### 15 दिन बाद होने वाली थी युवक की शादी

पुलिस जांच में मृतकों की पहचान ढाबली खुर्द निवासी 23 वर्षीय राकेश तंवर और राजस्थान के जामुनिया गांव निवासी 21 वर्षीय धापू बाई तंवर के रूप में हुई है. दोनों के बीच प्रेम संबंध होने की बात सामने आई है. बताया गया कि राकेश की शादी महज 15 दिन बाद होने वाली थी. परिवार ने करीब आठ वर्ष पहले उसकी सगाई तय की थी और घर में विवाह की तैयारियां चल रही थीं. पिता प्रभुलाल तंवर के अनुसार राकेश मजदूरी करता था और चार भाइयों में सबसे बड़ा था. परिवार को उसके प्रेम संबंध की जानकारी नहीं थी.

### युवती की वैवाहिक स्थिति भी रही विवादों में

धापू बाई की शादी बचपन में ही भोजपुर के पाटरी गांव निवासी राधेश्याम से कर दी गई थी, लेकिन वह लंबे समय से मायके में रह रही थी. दोनों परिवारों के बीच विवाद चलता रहा और कई बार पंचायत भी हुई, मगर समाधान नहीं निकल पाया. चार वर्ष पहले मां की मृत्यु के बाद पारिवारिक परिस्थितियां और बिगड़ गई थीं. परिजनों के अनुसार घटना से एक दिन पहले तक धापू बाई अपने पिता के साथ घर पर ही थी. रात में वह कब निकली, किसी को पता नहीं चला. सुबह उसके शव मिलने की सूचना मिली. जामुनिया और ढाबली खुर्द के बीच लगभग पांच किलोमीटर दूरी होने से पुलिस कई पहलुओं की जांच कर रही है.



### इंस्टाग्राम पोस्ट बनी आखिरी याद

बताया जा रहा है कि घटना से पहले राकेश ने युवती के साथ अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा की थीं, जो अब दोनों की आखिरी निशानी बन गई हैं. युवक के सीने पर 'आर' और 'द' अक्षर का टैटू भी मिला है. पुलिस फिलहाल मामले को प्रथम दृष्टया आत्महत्या मानकर जांच कर रही है. हालांकि अधिकारियों का कहना है कि हर एंगल से जांच जारी है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति और स्पष्ट होगी.

# फिंगर प्रिंट बचाने दस्ताने पहने लेकिन सीसीटीवी में धराए

## एक रात में 5 घरों के ताले तोड़े, 4 आरोपी गिरफ्तार



**ब्यावरा में सीसीटीवी से पकड़ाए, हिस्ट्रीशीटर ने फिंगरप्रिंट से बचने पहने थे दस्ताने**

**नवभारत न्यूज**

**ब्यावरा 11 अप्रैल, का. बीते दिनों नगर में 5 घरों में चोरी कर दहशत मचाने वाले बदमाशों को पुलिस ने पकड़ लिया है. ब्यावरा सिटी थाना पुलिस ने कार्यवाही करते हुए एक ही रात में पांच सूने मकानों में चोरी करने वाले चार आरोपियों को हिरासत में ले लिया है. पुलिस ने आरोपियों के पास से नकद राशि, जेवर और वारदात में प्रयुक्त 5 लाख रुपए की कार जब्त की है. शनिवार को एसडीओपी प्रकाश शर्मा ने सिटी थाने में आयोजित प्रेसवार्ता में इस गिरोह का खुलासा किया.**

29 मार्च की रात को आदर्श कॉलोनी और अपना नगर क्षेत्र के पांच घरों में हुई चोरी के बाद पुलिस ने करीब 100 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले. जांच के दौरान एक संदिग्ध कार शहर के विभिन्न कैमरों में कैद मिली.

### दो दर्जन प्रकरणों में हिस्ट्रीशीटर मुख्य आरोपी

थाना प्रभारी वीरेंद्र धाकड़ के अनुसार मुख्य आरोपी अशोक गायरी एक कुख्यात अपराधी है, जिसके खिलाफ अलग-अलग जिलों में 23 आपराधिक मामले दर्ज हैं. वह 8 महीने पहले ही सारंगपुर जेल से बाहर आया था. पूर्व में रायसेन में फिंगरप्रिंट के जरिए पकड़े जाने के कारण, इस बार उसने और उसके साथी विष्णु ने पहचान छुपाने के लिए दस्ताने पहनकर चोरी की थी. पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से नकद 23,500 रुपए, करीब 23 हजार रुपए के सोने-चांदी के आभूषण और वारदात में उपयोग की गई कार को जब्त कर लिया.

पुलिस ने कार नंबर के आधार पर मालिक का पता लगाया और ड्राइवर से पूछताछ शुरू की, जिससे पूरी वारदात का खुलासा हुआ. पुलिस के अनुसार आरोपियों ने फिंगर प्रिंट से बचने के लिए दस्ताने पहने थे. लेकिन वे सीसीटीवी कैमरों की नजर से नहीं बच पाए.

# घटिया हो रहा नाली का निर्माण कार्य

**नवभारत न्यूज**

**पड़ाना 11 अप्रैल, सं.** केंद्रीय सड़क निधि द्वारा स्वीकृत 65 करोड़ की लागत से सीसी सड़क डामरीकृत सड़क पुल पुलिया नाली निर्माण वेपर्स इत्यादि का निर्माण कार्य मऊ से तलेन तक समय अवधि निकल जाने के बाद भी धीमी गति से चल रहा है. सीसी सड़क के दोनों और नाली निर्माण कार्य में मटेरियल डालकर निर्माण कार्य किया जा रहा है. जो किसी दिन भी धराशाई हो सकती है. चोपड़ा परिसर से लेकर मंसूरी मस्जिद 500 से मीटर के दायरे के अंतर्गत नाली निर्माण कार्य में विभागीय अधिकारियों की अनदेखी हो रही है. वही पिपली चौराहे के समीप माली मोहल्ला में जाने वाले रास्ते पर ठेकेदार द्वारा छोटी पुलिया का ढक्कन नहीं लगाने के कारण समस्या खड़ी हो गई. जिसे एक महा बीत जाने के बाद भी उस ढक्कन को बंद नहीं किया गया. शनिवार शाम 5 के दरबार तलेन से आने वाला चार पहिया वाहन क्रॉसिंग के दौरान नाली में उतर गया बड़ी मस्त के बाद आसपास के रहवासियों ने वाहन को उठाकर बाहर निकाल.



**यह बोल जिम्मेदार**

कल 2 बजे तक यहां चैंबर बंद कर दिया जाएगा मैं खुद आकर देखता हूं

**लोक निर्माण विभाग सारंगपुर एसडीओ पीके शर्मा**

# विकास की तिहरी सौगात

## 1.76 करोड़ के कार्यों का भूमि पूजन व लोकार्पण




**नवभारत न्यूज**

**सारंगपुर 11 अप्रैल, सं. क्षेत्र के ग्रामीण विकास को नई गति देते हुए कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के मंत्री गौतम टेटवाल ने सारंगपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्राम पंचायतों में करोड़ों रुपये के विकास कार्यों की सौगात दी.**

मंत्री टेटवाल ने ग्राम पंचायत चाटक्या में सामुदायिक भवन, पेयजल टंकी, सीसी रोड एवं नाली निर्माण जैसे कार्यों का लोकार्पण कर 38 लाख 77 हजार की सौगात ग्रामवासियों को समर्पित की. ग्राम पंचायत टूटियाहेड़ी में सीसी रोड, पुलिया, नाली निर्माण एवं शमशान समतलीकरण कार्यों का भूमि पूजन एवं लोकार्पण कर लगभग 77 लाख के विकास कार्यों की आधारशिला रखी गई. साथ ग्राम पंचायत निहाल में भी सामुदायिक भवन, शमशान बाउंड्रीवॉल, सीसी रोड, नाली एवं पेयजल टंकी निर्माण कार्यों का भूमि पूजन एवं लोकार्पण कर 60 लाख 79 हजार की सौगातें दी गईं. यहां मंत्री ने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया. इस अवसर पर सांसद रोडमल नागर, मंडल अध्यक्ष विनोद पाटीदार, जनपद उपाध्यक्ष कैलाश नागर, सरपंच दुर्गा प्रसाद नागर, भाजपा वरिष्ठ नेता निर्मल जैन, मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, सरपंच केशर लववंशी, नीलेश वर्मा, कमल राठौर सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे.



# कलेक्टर की आबकारी ठेका आवेदकों के साथ बैठक

**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़ 11 अप्रैल, का.** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा शनिवार को जिला आबकारी अधिकारी रितेश लाल ठाकुर की उपस्थिति में आबकारी ठेकों के सभी आवेदकों के साथ बैठक आयोजित की.

बैठक में नवीन शराब दुकानों के संचालन से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई. कलेक्टर डॉ. मिश्रा द्वारा आवेदकों से दुकानों के संचालन में आ रही समस्याओं की जानकारी ली गई. साथ ही जिले में उपलब्ध रिक्त गोदामों की स्थिति, फीस जमा करने की प्रक्रिया तथा दुकानों की स्थापना में आ रही व्यावहारिक कठिनाइयों पर भी विचार-विमर्श किया गया. उन्होंने निर्देश दिए कि सभी प्रक्रियाएं पारदर्शी एवं सुगम तरीके से पूर्ण की जाएं तथा आवेदकों को किसी भी प्रकार की अनावश्यक परेशानी न हो. साथ ही संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि आवेदकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करें.

# जल आपूर्ति योजनाओं के लिए अधिकारियों की सूची जारी

**राजगढ़ 11 अप्रैल, का.** मध्य प्रदेश जल निगम मर्यादित की परियोजना क्रियान्वयन इकाई, राजगढ़ द्वारा जिले में संचालित समूह जल प्रदाय योजनाओं के लिए अधिकारियों की सूची जारी की गई है. इस पहल का उद्देश्य नागरिकों को जल आपूर्ति से संबंधित जानकारी और शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए सीधे संपर्क उपलब्ध कराना है. जारी सूचना के अनुसार, गोरखपुरा, बांकपुरा-कुशलपुरा, पहाड़गढ़, मोहनपुरा और कुंडालिया जल योजनाओं के लिए अलग-अलग ओ.एण्डे.एम. इंचार्ज नियुक्त किए गए हैं. प्रत्येक अधिकारी का नाम और मोबाइल नंबर भी सार्वजनिक किया गया है, जिससे आमजन आसानी से संपर्क कर सकें. इन योजनाओं के अंतर्गत नियुक्त प्रमुख अधिकारियो में गोरखपुरा श्री अशोक कुमार विश्वई मोबाईल नंबर 8107139035, बांकपुरा-कुशलपुरा शिवराज सिंह चौहान मोबाईल नंबर 7999150207,

# जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनीटरिंग समिति की बैठक हुई

**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़ 11 अप्रैल, का.** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी के नेतृत्व में शनिवार को जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक आयोजित की गई. बैठक में विभिन्न सुरक्षा व्यवस्थाओं, आपदा प्रबंधन एवं अनुसूचित जाति-जनजाति अत्याचार निवारण संबंधी प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की गई.

विधि विभाग के प्रतिनिधि द्वारा अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम से संबंधित



प्रकरणों की जानकारी प्रस्तुत की गई. बैठक में प्रकरणों के निराकरण की स्थिति तथा हितग्राहियों को दी जाने वाली राहत राशि के वितरण पर भी विस्तार से चर्चा की गई. साथ ही पुलिस अधीक्षक तोलानी द्वारा निर्देश दिए गए कि जिन प्रकरणों में आवेदक अपने बयान से मुकर गए हैं, उन मामलों की विस्तृत जानकारी विधि विभाग से प्राप्त की जाए.

कलेक्टर डॉ. मिश्रा द्वारा जिला संयोजक आदिम जाति कल्याणि विभाग सुश्री निशा जैन को निर्देशित किया गया कि राहत राशि के जो प्रकरण लंबित हैं, उनके संबंध में संबंधित विभाग को रिमाइंडर पत्र भेजा जाए, ताकि शीघ्र निराकरण सुनिश्चित हो सके. कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने अनुसूचित जाति जनजाति अत्याातचार निवारण योजना अंतर्गत त्वकरित स्वीकृति एवं कार्यवाही की प्रशंसा की. सभी अनुविभागीय अधिकारी एवं एसडीओपी को निर्देशित किया गया कि लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण करें. साथ ही विकासखंड स्तरीय बैठकों के कार्यवाही विवरण भी मंगवाए गए तथा ऐसी बैठकों को नियमित रूप से आयोजित करने के निर्देश दिए गए.

**धरना** ब्लॉक स्तर पर धरना प्रदर्शन कर रैली निकाली, ज्ञापन सौंपा

# लामबंद हुए शिक्षक, जिले भर में धरना प्रदर्शन

**टीईटी परीक्षा संबंधी आदेश निरस्त करने एवं नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता को लेकर एकजुट हुए शिक्षक**

**नवभारत न्यूज**

**ब्यावरा 11 अप्रैल, का. अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के आव्हान पर टीईटी परीक्षा संबंधी आदेश निरस्त करने एवं नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता दिए जाने को लेकर शिक्षकों का आंदोलन तेज होने लगा है. 11 अप्रैल को जिले भर में ब्लॉक स्तर पर धरना प्रदर्शन कर रैली निकाली एवं ज्ञापन सौंपे.**

विगत दिवस जिला मुख्यालय पर हुए ऐतिहासिक विरोध प्रदर्शन के बाद 11 अप्रैल को शिक्षकों ने ब्लॉक स्तर पर प्रदर्शन किया. स्थानीय नपा कॉम्पलेक्स परिसर में आयोजित धरना प्रदर्शन में वक्ताओं ने कहा कि शिक्षक




टीईटी परीक्षा से घबरा नहीं रहे है, बात यह है कि इस तरह परीक्षा लेने के बाद वरिष्ठता दी जाएगी इससे आहत है, हम सभी आर्हताएं पूर्ण कर अपनी योग्यता के अनुसार शिक्षक बने है. शिक्षकों के हितों में निर्णय ले और नियुक्ति से वरिष्ठता प्रदान करे. हमे एकजुटता के साथ अपने हक की लड़ाई लड़ना है. रैली के साथ शिक्षक एसडीएम कार्यालय पहुंचे तथा ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन में अध्यापक संवर्ग 1.07.2018 को नवीन शैक्षणिक संवर्ग में सम्मिलित शिक्षकों को प्रथम नियुक्ति दिनांक से सेवा अवधि की गणना करने एवं टीईटी परीक्षा




संबंधी आदेश निरस्त करने सहित अन्य मांगे रखी गई. जिले के ब्यावरा, राजगढ़, नरसिंहगढ़, सारंगपुर, खिलचीपुर सहित सभी ब्लॉक में धरना प्रदर्शन, रैली निकालकर ज्ञापन सौंपा गया.

### 18 को भोपाल में विशाल प्रदर्शन

संयुक्त मोर्चा के प्रथम चरण में 8 अप्रैल को जिला स्तर पर कार्यक्रम हुआ. 11 अप्रैल को ब्लॉक स्तर पर कार्यक्रम के बाद अब 18 अप्रैल को भोपाल में विशाल प्रदर्शन रखा गया है, जिसमें जिले सहित प्रदेश भर से बड़ी संख्या में शिक्षक शामिल होंगे.

### अध्यापक शिक्षक संघ ने सौंपा ज्ञापन

**नरसिंहगढ़ 11 अप्रैल, सं.** अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के आव्हान पर टीईटी परीक्षा संबंधी आदेश निरस्त करने एवं नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता दिए जाने को लेकर शिक्षकों ने 11 अप्रैल को ब्लॉक स्तर पर धरना प्रदर्शन कर रैली निकाली एवं ज्ञापन सौंपे. इस मौके पर बड़ी संख्या में अध्यापक शिक्षक उपस्थित रहे.

# अंतत: जमींदोज किए जर्जर क्वार्टर




**बड़ा महल के समीप मौजूद जर्जर क्वार्टर बने हुए थे अवैध गतिविधियों का केन्द्र**

**जिला इंकाध्यक्ष के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी ने शनिवार को उठाया था मुद्दा**

**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़ 11 अप्रैल, का.** जिला मुख्यालय पर मौजूद जीर्णशीर्ण क्वार्टर को शनिवार जेसीबी के द्वारा जमींदोज कर दिया गया. इन जर्जर क्वार्टर में पूर्व में जुआं पकड़ाया था. यह अवैध गतिविधियों का केन्द्र बने हुए थे. अवैध गतिविधियों के संचालन को लेकर शनिवार को जिला इंकाध्यक्ष के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी के प्रतिनिध मंडल ने जर्जर क्वार्टरों का निरीक्षण कर इस मामले को प्रमुखता से उठाया. इसके बाद प्रशासनिक अमले द्वारा जर्जर क्वार्टरों को ध्वस्त करने की कार्यवाई की गई.

गौरतलब है कि विगत दिवस बड़ा महल के समीप पुरानी पुलिस लाइन में मौजूद जर्जर क्वार्टर में जुआं पकड़ाया था. डिसमेंटल हेतु घोषित जर्जर क्वार्टर में इस तरह की अवैध गतिविधि का संचालन होने के बाद भी किसी तरह की कोई कार्यवाई नहीं किए जाने पर शनिवार को जिला इंकाध्यक्ष के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी के प्रतिनिधि मंडल ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया तथा इनको लेकर उचित कार्यवाई की मांग अधिकारियों समक्ष रखी. तत्पश्चात एसडीओपी अरविंद सिंह, एसडीएम श्रीमती निधि भारद्धाज की उपसिथत में प्रशासनिक अमले द्वारा कार्यवाई करते हुए लगभग चार जीर्णशीर्ण क्वार्टर को जेसीबी के द्वारा हटा दिया गया.